सांडेराव में जल्द बनेगा ट्रोमा सेंटर : जोराराम कुमावत

पाली/सुमेरपुर, (नि.सं.)। प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढीकरण के लिए राज्य की भजनलाल सरकार लगातार प्रयासरत है। गंभीर रोगियों की ईलाज के अभाव में मौत न हो इसको लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य सड़क मार्गों पर ट्रोमा सेंटर प्राथमिकता से खोल रहे हैं। इसी के तहत सांडेराव में जल्द ही ट्रोमा सेंटर खोला जाएगा। यह बात पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्राम पंचायत कोसेलाव में आयोजित कार्यक्रम में कही।

मंत्री कुमावत ने कहा कि पाली से लेकर सिरोही व जालोर से लेकर देसुरी तक कहीं भी ट्रोमा सेंटर नहीं है। ऐसे में इस मार्ग पर सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायलों की समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण मौत हो जाती है। इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को अवगत करवाया तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए सांडेराव में ट्रोमा सेंटर खोलने की स्वीकृत प्रदान कर दी है। सांडेराव में जल्द ही ट्रोमा सेंटर चालू होगा, जिसके लिए राज्य सरकार ने चार डॉक्टर्स व अन्य कर्मचारियों की भी स्वीकृति दे दी है। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बर्तन बैंक का शुभारंभ किया।

केबिनेट मंत्री ने अपने पाली जिले के प्रवास के दौरान कोसेलाव, रोजड़ा व बांकली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर कोसेलाव की प्रशासक सोनी देवी भाटी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रतन देवासी, शिवराज सिंह बिठिया, महावीर सिंह जोधा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महिपाल सिंह जोधा, हनुमान भाटी, बलवंत परिहार, अमर सिंह परिहार, अमर सिंह हिगोली, मुकेश मोदी व शंकर सिंह राजपुरोहित मौजूद थे।

केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्राम पंचायत नेतरा के गांव रोजड़ा में आयोजित समारोह के दौरान यहां के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में पूर्व भाजपा अध्यक्ष करण सिंह नेतरा, बांकली के मंडल अध्यक्ष हनवंत सिंह, नेतरा के प्रशासक छगनलाल सोलंकी, शिवराज सिंह बिठिया, रतन सिंह राणावत, पंचायत समिति सदस्य मनीष मीणा, बीजेपी जिलामंत्री पूनम सिंह परमार व मुकेश मोदी मौजूद रहे।

इससे पहले जोराराम कुमावत ने बांगड़ी में सांडेराव के मंडल अध्यक्ष रतन देवासी, खिमाड़ा की प्रशासक पूजा देवासी, विशाल सिंह राणावत, लादुराम कुमावत, शंकर सिंह राजपुरोहित, जोराराम देवासी, गणेश भाटी की मौजूदगी में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। यहां मंत्री ने जनसुनवाई भी की। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।

पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कोसेलाव, रोजड़ा व बांकली में कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। फोटो-राष्ट्रदूत

महेश नवमी महोत्सव 4 जून को

जैसलमेर, (नि.सं.)। महेश नवमी महोत्सव 4 जून को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

माहेश्वरी नवयुवक मंडल अध्यक्ष विजय डांगरा ने बताया कि माहेश्वरी समाज के लिए महेश नवमी पर्व अत्यंत गौरवशाली दिवस है। इसी दिन भगवान महेश की असीम कृपा से हमारे समाज की वंशोत्पती हुई थी। इस दिवस को हम महेश नवमी के रूप में मनाते आ रहे है। सभी मिलजुल के वचनबद्ध हो कर हमारे वंशोत्पती दिवस को हम सभी मिलजुल कर वृहद रूप से मनाएं।

माहेश्वरी नवयुवक मंडल। मंत्री तरुण गोलकिया ने बताया कि 4 जून को प्रातः 7 बजे गड़ीसर स्थित नीलकण्ठ महादेव मंदिर में शिव पूजन के पश्चात शोभायात्रा होगी। शोभायात्रा गड़ीसर बगेची से आसनी रोड़, गोपा चौक, ग्रामीण बस स्टेण्ड, माहेश्वरी सेवा सदन से मलकेश्वर महादेव मन्दिर पहुंचेगी जहां प्रतिभा सम्मान, पारितोषिक वितरण, एवं जलपान होगा।

दोपहर प्रसादी 12 बजे से मलकेश्वर महादेव मन्दिर सेवा सदन के पास एवं सायं 6 बजे सांस्कृति कार्यक्रम व लॉटरी लक्की ड्रॉ होगा सायं 8 बजे सामुहिक गोठ होगी। शोभा यात्रा में महिलाओं व बालिकाओं के लिए वाहन रैली रखी गई है।

शोभा यात्रा में पुरूष सफेद कुर्ता-पायजामा व महिलाएं लाल चुन्दड़ी साड़ी व बालिकाएं भी लाल ड्रेस में शामिल होगी।। मंत्री द्वारा सभी समाज जनों से निवेदन किया गया है कि शाम दिया बाती के समय 5 मिट्टी के दीपक अपनें घरों के बाहर अवश्य जलावें, जिससे हम हमारे सबसे बड़े पर्व की शान्ति को अनुभव कर सकें।

मयंक सब जूनियर नेशनल वुशू में राष्ट्रीय चैपियन बना

जालोर के चार वुशू खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। सब जूनियर नेशनल वुशू में जालोर का आर्य वीर मयंक भादरु पुत्र भरत मेघवाल नया राष्ट्रीय चैंपियन बन गया है।

जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मयंक ने तमिलनाडु में 26 से 31 मई तक भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर यह उपलब्धि हासिल की है।मयंक इससे पूर्व प्रदेश के लिए क्रमशः कांस्य व रजत पदक जीत चुका है। इसके साथ ही इसी प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाडियों आराध्या सुंदेशा,वैष्णवी सिंह व आर्य वीरांगना काव्या गुप्ता ने प्रदेश के लिए कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है।चारों ही मेडलिस्ट खिलाडियों को शनिवार दोपहर भारतीय वुशू संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जालोर के 6 खिलाड़ियों में से 4 खिलाड़ियों ने प्रदेश को मैडल दिलवाया है। चारों ही खिलाड़ी आर्य वीर दल व वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी में कोच देवेश आर्य व प्रितम सिंह राठौड के सानिध्य में नियमित अभ्यास करते हैं।

वुशू खिलाड़ियों की पदकीय उपलब्धि पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया,महासचिव ममता वर्मा,अंतराष्ट्रीय कोच राजेश कुमार टेलर, जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपत सिंह आर्य,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य, अध्यक्ष कृष्ण कुमार,संचालक प्रशांत सिंह, जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर, स्मैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव मोहम्मद इकराम, राष्ट्रीय निर्णायक ललित कुमार,जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, मोहनलाल आर्य,जगदीश आर्य, वरुण शर्मा ,कांतिलाल आर्य, छगन आर्य, छगन नाथ,गणपत लाल आर्य, खेलो इंडिया कोच इमरान अली सहित खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

टीना डाबी ने मौके पर रहकर नालों की सफाई करवाई

बाड़मेर,(नि.सं.)। नवो बाड़मेर अभियान के तहत शनिवार को बाड़मेर शहर के नालों की सफाई के लिए प्रातः 4 बजे से सुबह 10 बजे तक विशेष अभियान चलाया गया। सफाई अभियान की मोनेटरिंग के लिए पहुंचे जिला कलैक्टर टीना डाबी समेत विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर परिषद के माध्यम से कचरे का उठाव एवं नालियों की सफाई करवाई।

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बताया कि नवो बाड़मेर के तहत बाडमेर शहर में मानसून से पूर्व नालों की सफाई का स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को इस अभियान के तहत वर्षों से चॉक नालों की भी सफाई करवाई गई।

प्रायः यह देखा गया कि यह नाले गंदगी से अटे प? थे और मानसून के दौरान इनके ऑवर फ्लो होने के साथ कच्ची बस्तियों में पानी के भराव की स्थिति बनती। उन्होंने बताया कि इसको लेकर आमजन के साथ मीडिया के माध्यम से भी नालों गंदगी के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

उन्होंने स्वयं शहर का जायजा लेते वक्त भी पाया कि शहर के नालों की सफाई होना अत्यंत आवश्यक है। इसको लेकर हमने एक स्पेशल ड्राइव चलाए जाने का निर्णय लिया।

उन्होंने बताया कि इस निर्णय के तहत हमने प्रमुख नालों की सफाई के लिए 3 आईएएस अधिकारियों और 3 आरएएस अधिकारियों के साथ 18 प्रशासनिक अधिकारियों की एक विशेष टीम बनाई। शनिवार को सुबह 4 बजे पूरा प्रशासनिक अमला उनको आवंटित किए गए आवंटित स्थानों की सफाई के लिए निकला।

नवो बाड़मेर अभियान के तहत जिला कलैक्टर टीना डाबी ने सुबह 5 बजे स्टेशन रोड, सिणधरी रोड और लक्ष्मी सिनेमा पहुंचकर और नालों की सफाई का निरीक्षण किया।

इसके साथ ही नवो बाडमेर ग्रुप पर वो सुबह से ही प्रत्येक टीम से सफाई के फोटो मंगवाकर सम्बंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं सफाई अभियान में जुटे कार्मिकों की हौसला अफजाई करते हुए इस अभियान को आगामी दिनों में लगातार जारी रखने के निर्देश दिए।

अभियान के दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने सिणधरी रोड पर स्वंय नाले की सफाई करते हुए आमजन को सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नगर परिषद सफाई कार्मिकों के साथ खडे रहकर नाले की सफाई करवाई।

उल्लेखनीय है कि सिणधरी रोड नाले की सफाई को लेकर लम्बे समय से जिला प्रशासन को शिकायत प्राप्त हो रही थी। इस अभियान के तहत इस नाले की सफाई करवाई गई।

जिला प्रशासन एवं नगर परिषद बाड़मेर शहर में सफाई अभियान में जुटे हुए है। इस अभियान में आमजन की भागीदारी जरूरी है। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बताया कि जिला प्रशासन के प्रयास तभी सफल हो पाएंगे, आम आदमी जागरूकता के साथ नवो बाडमेर में अपनी भागीदारी निभाएगा। अब तक इस अभियान को लेकर आमजन में खासा उत्साह है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

गौरतलब है कि बाड़मो नगर परिषद् की 3 सफाई कार्मिकों की अलग-अलग टीमों ने जेसीबी और ट्रेक्टर के साथ तरीके से नालों की सफाई करना शुरू कर दिया। जो शनिवार को प्रातः 10 बजे तक जारी रहा।

नशामुक्ति पर निबंध एवं चित्रकला प्रति. आयोजित

पाली,(नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कला कौशल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 मई से 30 जून 2025 तक किया जा रहा है।

कला कौशल एवं अभिरुचि शिविर में आज कात्यायनी उच्च माध्यमिक विद्यालय नया गांव अभिरुचि ओर कला कौशल शिविर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर रूपेश सिंह यादव फिजिशियन जन हॉस्पिटल पाली एवं कल्याण सिंह सह संस्थापक कात्यायनी उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव और इससे होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया, शिविर संचालक निर्मल कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को तम्बाकू का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई तत्पश्चात चित्र ओर बैनर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

सी ओ स्काउट ने बताया कि जिले में 4 अभिरुचि शिविरों में 650 संभागी ठ्ठीष्मकालीन अवकाश में अपने कौशल को निखार कर हुनरमंद हो रहे है। शिविर प्रभारी समन्वयक दीपक जावा, भीम सिंह शिक्षक शैतान सिंह, पर्वत सिंह, अनिल जांगिड़, दीपिका, जयपाल,जगदीश विश्नोई, अनु कुमावत, भरत पारगी, यश आदिवाल, भवानी आदिमौजूद रहे। शिविर संख्या 02 महामना मालवीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल शेखावत नगर पाली में बच्चों ने रैली निकाल कर तंबाकू का सेवन नहीं करने का संदेश दिया। लगभग 200 संभागियों ने जन जागरूकता रैली निकाल कर तंबाकू निषेध के नारे लगाये साथी बच्चों ने बढ़ चढ़कर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया। शिविर प्रभारी रमेश पंवार महेंद्र सिंह राजपुरोहित दर्शित श्रीमाली, जानकी कुमारी सोलंकी, रोमा जोशी, नोरीना श्रीमाली, कविता मेहता, रवि मनदेव, संगीता आदि प्रशिक्षक उपस्थित रहे। शिविर संख्या 3 सुदर्शन बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजेंद्र नगर रायको की ढाणी पाली में भी बच्चों ने जागरूकता रैली निकाल कर तंबाकू से उत्पन्न होने वाले मानव जीवन के खतरों से अवगत कराया लगभग 150 सदस्यों ने गली गली एवं मोहल्ले में जाकर तंबाकू का सेवन न करने की अलख जगाई, इस अवसर पर शिविर प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा, श्रीमती दीपमाला, पूजा चौहान, भागीरथ पुरोहित, श्रीमान जयपाल सिंह मुकेश गगड़, चंदा कंवर, भावेश सिंह राजपुरोहित, कमलेश कंवर, खुशी बालवंशी आदि मौजूद रहे।

संविधान बचाओ अभियान व जातिगत जनगणना पर चर्चा की

जालोर में कांग्रेसजन संविधान बचाओ अभियान के तहत ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 31 मई को जिला समन्वयक पदमाराम मेघवाल के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में संविधान बचाओ अभियान और जातिगत जनगणना को जल्द संपन्न करवाने की मांग को लेकर सभा (बैठक) का आयोजन राजीव गांधी भवन जालोर में किया गया।

सर्वप्रथम समस्तअतिथियों द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित कर राष्ट गीत वन्दे मातरम का गायन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

जिला समन्वयक पदमाराम मेघवाल, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, भीनमाल विधायक डॉ समरजीत सिंह राठौड़, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिला सहप्रभारी हरीश परिहार, जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल ,जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल,प्रदेश सचिव शहजाद अली, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल,हिंदू सिंह दूठवा, रानीवाडा ब्लॉक अध्यक्ष वरदाराम माली,सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत, जिला उपाध्यक्ष ममता जैन, रणोदर मंडल अध्यक्ष सुजानाराम विश्नोई ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने किया।

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात समस्त कांग्रेसजनों द्वारा एकत्रित होकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलैक्ट्रेट परिसर पहुंचकर प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी को सौंपा गया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी,ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, गलबराम मीणा, जुल्फिकार अली, मदनलाल दहिया, मांगीलाल प्रजापत, रमेश सोलंकी, बसंत सुथार, आम सिंह परिहार, बस्तीमल चौहान, नरपत सिंह देवडा, खुशाल सिंह राजपुरोहित, शिवनारायण विश्नोई, सुरेश मेघवाल, अंबालाल चितारा, सांवलाराम देवासी,गोपाल देवासी, देवाराम सांखला, पने सिंह पोषाणा, दीपाराम मेघवाल, मांगीलाल गर्ग, भरत मेघवाल, ओबीसी जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल गहलोत, सुष्मिता गर्ग, शीला चौधरी,बंशीलाल माली, महेंद्र सोनगरा, गीताश्री ^,अफरोजा बानो, भरत सुथार,खेत सिंह राजपुरोहित, आंसू खान,कानाराम सिंघल, इकबाल खान, जगदीश सरगरा, वगताराम नोरवा, कमल सिंह बालावत, वगताराम चौधरी,प्रकाश मेघवाल, कृष्ण कुमार वनिका, मिश्रीमल गहलोत, भोलाराम मेघवाल, शेतान सिंह बालावत, उम्मेद सिंह चारण, सुरेश गर्ग सेवादल, ईश्वर सिंह बालावत, चन्दन सिंह सोलंकी, नूर मोहम्मद पठान, विनोद चौधरी सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

बाड़मेर में नाला सफाई के विशेष अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बाड़मेर, (नि.सं.)। आगामी मानसून को देखते हुए बाड़मेर शहर में विभिन्न मुख्य नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आगामी दिनों में सफाई अभियान की प्रभावी क्रियान्विति के लिए जिला कलैक्टर टीना डाबी ने विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बताया कि 2 जून को सिणधरी चौराहे से 132 केवी जीएसएस तक नाले की सफाई करवाने के लिए बाड़मेर उपखंड अधिकारी वीरमाराम एवं सहायक अभियंता पुरखाराम, रामूबाई विद्यालय से रोडवेज बस स्टेंड नाले के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी गणपत बेनिवाल एवं रेलवे अंडर ब्रिज से चांमुडा सर्किल नगर विकास न्यास के सचिव श्रवणसिंह राजावत एवं कनिष्ठ अभियंता नानूराम जाट को नियुक्त किया गया है। इसी तरह 4 जून को कृषि मंडी से सिणधरी चौराहे तक नाले के लिए अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा, जिला कलैक्टर आवास से न्यायिक कॉलोनी तक बाड़मेर तहसीलदार हुकमीचंद एवं वरिष्ठ सहायक चन्द्रजीत खत्री, कलैक्ट्रेट से मल्लीनाथ सर्किल तक प्रशिक्षु आईएएस श्रीमती छायासिंह एवं कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 6 जून को सिणधरी सर्किल से बीएनसी सर्किल तक कार्यवाहक एडीपीएस यक्ष चौधरी एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी स्वरूप शर्मा, आदर्श स्टेडियम के पीछे 80 फीट रोड़ से होते हुए ओवरब्रिज तक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुरेन्द्रप्रतापसिंह एवं राजस्व अधिकारी जीतेन्द्रसिंह, चौहटन चौराहे से रेलवे स्टेशन तक संयुक्त निदेशक डा.आर.बी.सिह एवं नगर परिषद सचिव अभिषेक शर्मा को नालों की सफाई करवाने के लिए नियुक्त किया गया है। इसी तरह 9 जून को रेलवे स्टेशन से विवेकानंद चौराहे तक बाड़मेर ठ्ठामीण तहसीलदार रामलाल एवं सहायक अभियंता पुरखाराम, एमबीसी गर्ल्स कॉलेज से सेवा सदन तक उप निदेशक जसवंत गौड़ एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी गणपत बेनिवाल, रायकॉलोनी से डाक बंगले तक मुख्य आयोजना अधिकारी नखताराम एवं कनिष्ठ अभियंता नानू राम जाट तथा 11 जून को सिणधरी चौराहे से 132 केवी जीएसएस तक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उप निदेशक कमलेश कुमार एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा, रामूबाई विद्यालय से रोडवेज बस स्टेंड तक महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक प्रहलादसिंह एवं चन्द्रजीत खत्री,अंडर ब्रिज से चांमुडा सर्किल जिला रसद अधिकारी कंवराराम एवं कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार को नियुक्त किया गया है। इसी तरह 13 जून को कृषि मंडी से सिणधरी चौराहे तक नाले के लिए खान विभाग के खनि अभियंता वेदप्रकाश एवं प्रशासनिक अधिकारी स्वरूप शर्मा, जिला कलैक्टर आवास से न्यायिक कॉलोनी तक बाल संरक्षण इकाई सहायक निदेशक पुखराज सहारण एवं राजस्व अधिकारी जीतेन्द्र पारस, कलैक्ट्रेट से मल्लीनाथ सर्किल तक कोषाधिकारी जसराज चौहान एवं नगर परिषद सचिव अभिषेक शर्मा को नियुक्त किया गया है। इसी तरह 16 जून को सिणधरी सर्किल से बीएनसी सर्किल तक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी टील सिंह एवं सहायक अभियंता पुरखाराम, आदर्श स्टेडियम के पीछे 80 फीट रोड़ से होते हुए ओवरब्रिज तक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी आंबाराम बोसिया एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी गणपत बेनिवाल, चौहटन चौराहे से रेलवे स्टेशन तक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी प्रीतमसिंह एवं नगर परिषद कनिष्ठ अभियंता नानूराम जाट को नालों की सफाई करवाने के लिए नियुक्त किया गया है। इसी तरह 18 जून को रेलवे स्टेशन से विवेकानंद चौराहे तक उपखंड अधिकारी वीरमाराम एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा , एमबीसी गर्ल्स कॉलेज से सेवा सदन तक मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार एवं वरिष्ठ सहायक चन्द्रजीत खत्री, रायकॉलोनी से डाक बंगले तक नगर विकास न्यास के सचिव श्रवणिंसंह राजावत एवं कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार को नियुक्त किया गया है।

जिला कलैक्टर ने बताया कि 20 जून को सिणधरी चौराहे से 132 केवी जीएसएस तक अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी स्वरूप शर्मा, रामूबाई विद्यालय से रोडवेज बस स्टेंड नाले के लिए बाड़मेर तहसीलदार हुकमीचंद एवं राजस्व अधिकारी जीतेन्द्रसिंह पारस एवं रेलवे अंडर ब्रिज से चांमुडा सर्किल प्रशिक्षु आईएएस श्रीमती छाया सिंह एवं सचिव अभिषेक शर्मा तथा 23 जून को कृषि मंडी से सिणधरी चौराहे तक नाले के लिए कार्यवाहक एडीपीएस यक्ष चौधरी एवं नगर परिषद सहायक अभियंता पुरखाराम, जिला कलैक्टर आवास से न्यायिक कॉलोनी तक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुरेन्द्र प्रतापसिंह एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी गणपत बेनिवाल, कलैक्ट्रेट से मल्लीनाथ सर्किल तक संयुक्त निदेशक डॉ. आर.बी सिंह एवं कनिष्ठ अभियंता नानूराम जाट को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 25 जून को सिणधरी सर्किल से बीएनसी सर्किल तक बाड़मेर ठ्ठामीण तहसीलदार रामलाल एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा, आदर्श स्टेडियम के पीछे 80 फीट रोड़ से होते हुए ओवरब्रिज तक सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक जसवंत गौड़ एवं वरिष्ठ सहायक चन्द्रजीत खत्री, चौहटन चौराहे से रेलवे स्टेशन तक मुख्य आयोजना अधिकारी नखताराम एवं कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार तथा 27 जून को रेलवे स्टेशन से विवेकानंद चौराहे तक उप निदेशक कमलेश कुमार एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी स्वरूप शर्मा, एमबीसी गर्ल्स कॉलेज से सेवा सदन तक महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक प्रहलादसिंह, राजस्व अधिकारी जीतेन्द्रसिंह पारस, रायकॉलोनी से डाक बंगले तक जिला रसद अधिकारी कंवराराम एवं सचिव अभिषेक शर्मा को नालों की सफाई करवाने के लिए नियुक्त किया गया है।

जिला कलैक्टर ने बताया कि 30 जून को सिणधरी चौराहे से 132 केवी जीएसएस तक खनि अभियंता वेदप्रकाश एवं नगर परिषद के सहायक अभियंता पुरखाराम, रामूबाई विद्यालय से रोडवेज बस स्टेंड नाले के लिए सहायक निदेशक पुखराज सहारण एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी गणपत बेनिवाल, रेलवे अंडर ब्रिज से चांमुडा सर्किल कोषाधिकारी जसराज चौहान एवं कनिष्ठ अभियंता नानूराम जाट तथा 2 जुलाई को कृषि मंडी से सिणधरी चौराहे तक नाले के लिए अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी टीलसिंह एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा, जिला कलैक्टर आवास से न्यायिक कॉलोनी तक अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी आंबाराम बोसिया एवं वरिष्ठ सहायक चन्द्रजीत खत्री, कलैक्ट्रेट से मल्लीनाथ सर्किल तक संयुक्त अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी प्रीतमसिंह एवं कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को सिणधरी सर्किल से बीएनसी सर्किल तक अतिरिक्त बाड़मेर ठ्ठामीण तहसीलदार रामलाल एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी स्वरूप शर्मा, आदर्श स्टेडियम के पीछे 80 फीट रोड़ से होते हुए ओवरब्रिज तक उप निदेशक जसवंत गौड़ एवं राजस्व अधिकारी जीतेन्द्र पारस, चौहटन चौराहे से रेलवे स्टेशन तक मुख्य आयोजना अधिकारी नखताराम एवं नगर परिषद सचिव अभिषेक शर्मा को नालों की सफाई करवाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला कलैक्टर ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 5 से 9 बजे तक सफाई अभियान चलाया जाएगा। सफाई अभियान के लिए नगर परिषद आयुक्त को संसाधन उपलब्ध करवाने एवं नालों से निकाले गए कचरे का उसी दिन सांय 5 से 8 बजे के मध्य निस्तारण करने के निर्देश दिए गए है।

नायरा डिपो पर एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल हुई

पाली, (नि.सं.)। पाली-जोधपुर हाईवे पर स्थित नायरा डिपो पर एयर स्ट्राइक सूचना पर पुलिस-प्रशासन, मेडिकल महकमा सहित अन्य महकमे अलर्ट मोड पर आ गया। शनिवार शाम साढे चार बजे जैसे ही सूचना मिली सायरन बजाती एम्बुलेंस, दमकलें तेज गति से नायरा डिपो पहुंची। जहां घायलों को एम्बुलेंस में डालकर तुरंत इलाज के लिए बांगड़ हॉस्पिटल और रोहट हॉस्पिटल पहुचांया गया।

दमकलकर्मी वहां आग बुझाने की मॉक ड्रिल करते नजर आए। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रोमा, बर्न, आईसीयू में 10 घायलों को भर्ती किया गया। वही रोहट हॉस्पिटल में भी 10 घायलों को भर्ती किया गया।

जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुनाराम जाट रोहट और बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे और मॉक ड्रिल की सारी व्यवस्था जांची और घायलों से भी मिले। जिला कलेक्टर ने बताया कि मॉक ड्रिल को लेकर 30 यूनिट ब्लड भी स्टोर किया गया। रोहट में अस्थाई हॉस्पिटल भी बनाया गया। सभी विभाग समय पर पहुंचे।

डॉग ने व्यक्ति को काटा

पाली, (नि.सं.)। गड्ढे में गिरे डॉग ने बचाने आए व्यक्ति पर ही हमला कर दिया। व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पाली जिले के खिंवाड़ा थाना इलाके के सिवास गांव निवासी नरपत सिंह (55) पुत्र चंदन शुक्रवार शाम 7.30 बजे घर से निकले ही थे कि उन्हें सड़क पर खुदे 5 फीट गहरे गड्ढे में फंसा कुत्ता नजर आया।

नरपत सिंह को कुत्ते पर तरस आया और वे उसे बचाने के लिए गड्ढे में उतर गए। डॉग ने उन्हीं पर हमला कर दिया और हाथ-पैर पर तीन जगह बुरी तरह नोंच लिया।

Office of The Block Development Officer
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

No.- 797 Date - 31.05.2025

-:: Notice of Inviting Bid::-

Bid for **Rate Contract of Cleaning Work and Work tenders of various work** as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat samiti sayla . Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in , http://sppp.raj.nic.in.) of the state ; and notice board of this office.

Name of Gram Panchayat	UBIN	Estimate Bid cost
Dabli (Cleaning Work)	ZJR2526SSRC00464	04.13 Lakh
Teja ki Beri (Cleaning Work)	ZJR2526SSRC00468	02.03 Lakh
Sirana (Cleaning Work)	ZJR2526SSRC00467	03.24 Lakh
Revtda (Work Tender of sewerage line)	ZJR2526WSOB00469	10.00 Lakh
Keshwana (Work tender of CC Road Construction)	ZJR2526WSOB00473	10.00 Lakh
	ZJR2526WSOB00474	10.00 Lakh

Block Development Officer
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)